कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2024/449 दिनांक : 26/02/2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

प्रेसनोट :

कृषि विश्वविद्यालय में व्यवहार कौशल परायणता पर प्रशिक्षण प्रारंभ

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में वैज्ञानिकों व विस्तार अधिकारियों के व्यवहार कौशल परायणता हेतु 26 से 28 फरवरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज इसके प्रथम दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि हम सभी शिक्षा तो प्राप्त कर चुके है पर हम शिक्षित हुये है या नहीं, यह हमारा व्यवहार दर्शाता है। अपने व्यवहार में और अधिक कुशलता लाने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभावशाली कदम है। आज आप यह अध्ययन करे कि वर्तमान में आपका व्यवहार कैसा है तथा तीन दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आपके व्यवहार में क्या परिवर्तन आता हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि आज जो युग है वह समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, शारीरिक हाव–भाव, आत्म विश्वास सभी का अपने व्यवहार में साथ लेकर चलने का युग है। यदि आपको अपने कौशल में सुधार लाना है तो आपको निरंतर अभ्यास करने की आवश्यकता है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक विस्तार सेवायें, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर व विस्तार शिक्षा संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह, वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश सिंह, कार्यक्रम संचालक डॉ. वाय.डी.मिश्रा, आनंद कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात से विषय निदेशक डॉ. केयुर गरधरिया व सहायक विषय निदेशक डॉ. विश्वजीत जे. पटेल, प्रशिक्षण लेने वाले कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक एवं पी.एच.डी. के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।